# उत्तर प्रदेश में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन

## चर्चा में क्यों?

3 जून, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार की तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 80,224 करोड़ रुपए की 1406 परियोजनाओं का वर्चुअल शिलान्यास किया।

## प्रमुख बिंदु

- इन परियोजनाओं में 45,529.29 करोड़ रुपए की परियोजनाएँ गौतमबुद्ध नगर को, 4460.88 करोड़ रुपए की लखनऊ को तथा 2828.86 करोड़ रुपए की परियोजनाएँ गोरखपुर को प्राप्त हुई।
- इस सेरेमनी में देश-विदेश के कई औद्योगिक दिग्गज शामिल हुए, जैसे- अडानी समूह के गौतम अडानी, आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला।
- इस दौरान औद्योगिक दिग्गजों द्वारा कुछ प्रमुख निवेश घोषणाएँ की गईं, जिनका विवरण निम्न प्रकार है-
    - अडानी समूह उत्तर प्रदेश में 70,000 करोड़ रुपए का सड़क, परिवहन, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स और रक्षा क्षेत्र में निवेश करेगा।
    - इसके अतिरिक्त डिफेंस कॉरिडोर के तहत अडानी समूह कानपुर में 1500 करोड़ रुपए के निवेश से दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एकीकृत आयुध कॉम्प्लेक्स बनाएगा।
    - हीरानंदानी समूह उत्तर प्रदेश में अगले पाँच वर्षों में डाटा सेंटर कारोबार में प्रतिवर्ष 1000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। गौरतलब है कि इस समूह द्वारा ग्रेटर नोएडा में बनाया जा रहा डाटा सेंटर इस वर्ष अगस्त तक तैयार हो जाएगा।
    - वहीं फ़्रांसीसी बहुराष्ट्रीय कंपनी एयर लिक्विड मथुरा के कोसी क्षेत्र में 350 करोड़ रुपए के निवेश से ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना करेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/third-ground-breaking-ceremony-held-in-uttar-pradesh